हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शनिवार 27 जून 2026

तापमान
अधिकतम 43 .4°c
न्यूनतम 28 .0°c

**नगर में आज**
- वार्डों में स्वच्छता अभियान निगम की तरफ से सुबह 10 बजे
- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर सुबह 10 बजे
- कूड़ा फैलाने पर नगर निगम की टीम आज काटेगी चालान

## खबर संक्षेप

### बीए द्वितीय वर्ष की अंग्रेजी परीक्षा की तिथि बदली

**रोहतक।** एमडीयू ने बीए द्वितीय वर्ष एडिशनल कोर्स की अंग्रेजी (अनिवार्य) परीक्षा की तिथि में संशोधन किया है। डेटशीट में संशोधन के कारण 27 जून 2026 को प्रस्तावित परीक्षा अब 21 जुलाई 2026 को होगी। परीक्षा नियंत्रक प्रो. राहुल ऋषि ने स्पष्ट किया है कि उपरोक्त परीक्षा का समय और परीक्षा केंद्र पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही रहेंगे, उनमें कोई बदलाव नहीं किया गया है।

### कार्ड की लिमिट बढ़ाने का झांसा दे 2.09 लाख ठगे

**रोहतक।** क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का झांसा देकर साइबर ठगों ने एक प्रवासी मजदूर से 2.09 लाख रुपये ठग लिए। आरोपी ने खुद को बैंक अधिकारी बताकर पीड़ित से ओटीपी हासिल किया और उसके खाते से 2.09 लाख रुपये निकाल लिए। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर-5 निवासी एवं मूल रूप से मधुबनी (बिहार) के रहने वाले मोहम्मद मुस्ताक ने बताया कि उसके पास एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को बैंक से जुड़ा कर्मचारी बताते हुए कहा कि उसके क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाई जा रही है। प्रक्रिया पूरी करने के लिए आरोपी ने उसके मोबाइल पर आए ओटीपी की जानकारी मांगी। भरोसे में आकर मुस्ताक ने ओटीपी बता दिया। ओटीपी साझा करने के कुछ ही समय बाद उसके मोबाइल पर खाते से 2 लाख 9 हजार रुपये निकलने का संदेश आया। तब उसे एहसास हुआ कि वह साइबर ठगी का शिकार हो गया है। इसके बाद उसने तुरंत पुलिस से संपर्क कर शिकायत दर्ज कराई।

### चारे से भरी ट्रॉली व पार्क के बाहर से बाइक चोरी

**रोहतक।** जिले में अलग-अलग जगह से चारे से भरी एक ट्रॉली और एक मोटरसाइकिल चोरी हो गई। दोनों मामलों में पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहली घटना गांव चुलियाना की है। पुलिस को दी शिकायत में कर्मवीर ने बताया कि बुधवार रात वह अपने खेत से पशुओं के चारे (तूड़े) से भरी ट्रॉली लेकर आया था। उसने ट्रॉली को अपने घर के बाहर खड़ा कर दिया। गुरुवार सुबह जब वह उठा तो ट्रॉली अपने स्थान से गायब मिली। वहीं दूसरी घटना हुडा सिटी पार्क के मुख्य गेट के बाहर हुई। प्रेम नगर निवासी हिमांशु ने पुलिस को बताया कि वह सुबह करीब 8 बजे अपनी बाइक पार्क के गेट के बाहर खड़ी कर दिल्ली चला गया था। दोपहर 3 बजे लौटा तो बाइक वहां नहीं थी। आसपास काफी तलाश करने के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चला, जिसके बाद उसने पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने दोनों मामलों में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर लिया है।

## धंधा आपका, कचरा हमारी सड़क पर क्यों

सिटी पल्स

### डोर-टू-डोर कलेक्शन का टेंडर है तो क्यों फेंका जा रहा कूड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर में डोर-टू-डोर कूड़ा उठाने की व्यवस्था और करोड़ों रुपये के सफाई ठेकों के बावजूद बाजारों से निकलने वाला कचरा अब भी रात के अंधेरे में सड़कों के किनारे फेंका जा रहा है। सेक्टर-2 -3 की मार्केट के बाहर सड़क किनारे लगातार डाले जा रहे कूड़े से आसपास के लोगों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर निगम ने इस अवैध डंपिंग को रोकने के लिए अब सड़क किनारे शीशे लगा दिए हैं, ताकि दुकानदार वहां कूड़ा फेंकने आए तो उनको कुछ शर्म ही आ जाए। इससे पहले भी इसी स्थान पर टेंट लगाकर कूड़ा डालने से रोकने का प्रयास किया गया था, जहां भंडारे तक लगाए गए लेकिन रात के समय फिर से कचरा फेंका जाने लगा। अब निगम प्रशासन ने सख्ती का फैसला लेते हुए निगरानी बढ़ा दी है और चेतावनी दी है कि नियम तोड़ने वालों पर जुर्माना लगाया जाएगा।

### पहले यहां लगाया था टेंट, अब भी रात को कूड़ा डाल रहे मार्केट के दुकानदार

नगर निगम अधिकारियों के अनुसार, बाजारों का कचरा डोर-टू-डोर कलेक्शन व्यवस्था के तहत उठाया जाना है। इसके बावजूद कुछ दुकानदार सुविधा का उपयोग करने के बजाय सड़क किनारे ही कूड़ा फेंक रहे हैं। इससे न केवल शहर की सफाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है, बल्कि दुर्गंध, गंदगी और आवारा पशुओं की समस्या भी बढ़ रही है। नगर निगम का कहना है कि सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा फेंकना नियमों का उल्लंघन है और इसके खिलाफ लगातार कार्रवाई की जाएगी।

### अब सेक्टर 2-3 की मार्केट के बाहर सड़क किनारे लगाया गया शीशा

सेक्टर-2- 3 मार्केट के बाहर लगाए गए शीशे का उद्देश्य लोगों को वहां कचरा डालने से रोकना है। इससे पहले निगम ने टेंट लगाकर भी यह स्थान बंद किया था, लेकिन उसके बावजूद कुछ लोग रात के समय कूड़ा डालते रहे। अब निगम की टीमें नियमित निगरानी कर रही हैं और आसपास की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है।



### शीला बाइपास पर भी लगाया था शीशा

इससे पहले शीला बाईपास क्षेत्र में भी सड़क किनारे कूड़ा डाले जाने की शिकायतें लगातार मिल रही थीं। वहां भी नगर निगम ने शीशे लगाकर अवैध डंपिंग पर रोक लगाने का प्रयास किया था। निगम अधिकारियों का कहना है कि जहां-जहां इस तरह की समस्या सामने आएगी, वहां आवश्यक कदम उठाए जाएंगे और नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई होगी।

### सिर्फ प्रशासन का जिम्मा नहीं, दुकानदार भी जिम्मेदारी समझें

नगर निगम का कहना है कि शहर को स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी केवल प्रशासन की नहीं, बल्कि नागरिकों और व्यापारियों की भी है। यदि बाजारों से निकलने वाला कचरा निर्धारित व्यवस्था के तहत नहीं दिया जाएगा तो सफाई व्यवस्था पर लगातार दबाव बढ़ेगा। इसलिए दुकानदारों से अपील की गई है कि वे कचरा सड़क पर फेंकने के बजाय निगम की डोर-टू-डोर व्यवस्था का ही उपयोग करें।

### किसी को नहीं बख्शेंगे



सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा फेंकने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। नगर निगम की टीमें लगातार निगरानी कर रही हैं और दोषी दुकानदारों की पहचान कर उनके खिलाफ बड़े चालान किए जाएंगे। बाजार की सफाई बनाए रखना सभी व्यापारियों की जिम्मेदारी है। यदि कोई नियमों का उल्लंघन करेगा तो उस पर जुर्माना लगाने के साथ अन्य कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। **-सुशील नांदल,** पार्षद वार्ड 12

### निगम चलाए अभियान



सफाई को लेकर नगर निगम और आमजन कोई भी गम्भीर नहीं है। लोगों को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। इसके अलावा जो लोग जहां कूड़ा डालते हैं, उनकी भी निगरानी होनी चाहिए ताकि वह भविष्य में ऐसा न करें। इसके अलावा निगम को आमजन के साथ मिलकर बड़े स्तर पर सफाई अभियान चलाने चाहिए। - **कदम सिंह अहलावत,** प्रधान, ऑल सेक्टर वेलफेयर एसोसिएशन

## बदमाश बेखौफः कांग्रेस विधायक बलराम दांगी को गैंगस्टर की धमकी, सुरक्षा बढ़ाई

# 5 करोड़ तैयार कर ले... अभी तो शीशों पर गोली चली है, अब सीधा तेरे ऊपर चलेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक/महम

*हैलो... 5 करोड़ तैयार कर ले, एक हफ्ता है तेरे पास। अभी तो शीशों पर गोली चली है, अबकी बार तेरे ऊपर चलेगी सीधा। बलराम दांगी, सुमित उर्फ छोटा सामणिया।*

शुक्रवार सुबह मोबाइल फोन पर आए इन कुछ शब्दों ने महम से कांग्रेस विधायक बलराम दांगी और उनके परिवार की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर चिंता बढ़ा दी। गैंगस्टर छोटा सामणिया के नाम से भेजे गए इस व्हाट्सएप संदेश में न केवल पांच करोड़ रुपये की फिरौती मांगी गई, बल्कि जान से मारने की खुली धमकी भी दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई और विधायक के सुरक्षा घेरे को और मजबूत कर दिया गया। महम से कांग्रेस विधायक बलराम दांगी को शुक्रवार सुबह करीब 8:18 बजे एक अनजान नंबर से व्हाट्सएप पर सबसे पहले हैलो लिखा हुआ संदेश मिला। शुरुआत में इसे सामान्य संदेश समझा गया, लेकिन महज तीन मिनट बाद सुबह 8:21 बजे दूसरा मैसेज आया, जिसने पूरे घटनाक्रम को गंभीर बना दिया।



### चार अतिरिक्त पुलिसकर्मियों की तैनाती

धमकी के बाद पुलिस ने विधायक बलराम दांगी की सुरक्षा और बढ़ा दी है। विधायक होने के नाते पहले से उनकी सुरक्षा में दो पुलिसकर्मी तैनात थे। वहीं कुछ समय पहले महम स्थित उनके कार्यालय पर हुई फायरिंग की घटना के बाद परिवार की सुरक्षा के लिए रोहतक स्थित आवास पर तीन पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे। अब नई धमकी के बाद सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करते हुए चार अतिरिक्त पुलिसकर्मियों की तैनाती कर दी गई है।

### यूनाइटेड स्टेट्स का नंबर दिखाई दे रहा

बताया जा रहा है कि जिस नंबर से यह संदेश भेजा गया, वह यूनाइटेड स्टेट्स का नंबर दिखाई दे रहा है। धमकी मिलने के बाद विधायक ने तुरंत इसकी जानकारी पुलिस अधिकारियों को दी। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। साइबर टीम भी यह पता लगाने में जुटी है कि संदेश वास्तव में किस स्थान से भेजा गया और इसके पीछे कौन लोग शामिल हैं। गौरतलब है कि विधायक बलराम दांगी पहले भी बदमाशों के निशाने पर रह चुके हैं। उनके महम कार्यालय पर गोलीबारी की घटना के बाद सुरक्षा एजेंसियां पहले से सतर्क थीं। अब फिरौती और जान से मारने की धमकी मिलने के बाद पुलिस किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरतना चाहती।

### सुरक्षा का मामला नहीं, प्रदेश की कानून व्यवस्था से जुड़ा मुद्दा

दोपहर बाद विधायक बलराम दांगी महम स्थित अपने कार्यालय पहुंचे और पत्रकारों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उनकी बात को गंभीरता से सुना है और उन्हें पुलिस की कार्रवाई पर भरोसा है। हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि यह केवल उनकी व्यक्तिगत सुरक्षा का मामला नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश की कानून व्यवस्था से जुड़ा मुद्दा है।

### आदमी घर से निकलने से पहले सौ बार सोचने को मजबूरः दांगी

बलराम दांगी ने कहा कि आज प्रदेश में हालात ऐसे बन गए हैं कि आम आदमी घर से निकलने से पहले भी सोचने को मजबूर है। लोगों को हर समय किसी अप्रिय घटना का डर बना रहता है। व्यापारी, उद्योगपति और अन्य लोगों से लगातार फिरौती मांगे जाने की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिससे भय का माहौल बना हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार को ऐसे गैंगस्टरों और फिरौती मांगने वाले अपराधियों के खिलाफ विशेष कानून बनाना चाहिए। यदि सरकार इस दिशा में कठोर कदम उठाती है तो पूरा विपक्ष भी उसका समर्थन करेगा। उनका कहना था कि अपराधियों में कानून का डर पैदा करना बेहद जरूरी है, ताकि आम नागरिक और व्यापारी बिना भय के अपना कामकाज कर सकें। दांगी ने बताया कि कांग्रेस के 11 विधायक भी मुख्यमंत्री से मिल चुके हैं और उन्होंने प्रदेश में सक्रिय गैंगस्टरों और संगठित अपराध पर सख्ती से कार्रवाई करने की मांग उठाई है। उनका कहना था कि अपराधियों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई होने से जनता का कानून व्यवस्था पर भरोसा मजबूत होगा। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि धमकी देने वाले नंबर की तकनीकी जांच की जा रही है।

### पुलिस कार्रवाई एक नजर में

- 19 जून की रात विधायक बलराम दांगी के कार्यालय पर फायरिंग मामले में पुलिस ने दूसरे आरोपी खरैंटी के अमन उर्फ बाज को गिरफ्तार किया है।
- आरोपी निंदाना के गुगाहेड़ी रोड के पास कीकर के झुंड में छिपा था और पुलिस को देखकर खेतों में भागकर कीकर के पेड़ों के बीच छिप गया।
- घेराबंदी के बाद आत्मसमर्पण से इनकार पर मुठभेड़ हुई। आरोपी ने 4 गोलियां चलाईं, जबकि पुलिस ने 3 राउंड जवाबी फायर किए। कार्रवाई में आरोपी के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया।
- आरोपी की गोली सीआईए इंचार्ज की छाती पर लगी, लेकिन बुलेटप्रूफ जैकेट के कारण उनकी जान बच गई।
- आरोपी के कब्जे से 32 बोर की अवैध पिस्तौल बरामद हुई।
- घायल आरोपी का पीजीआई रोहतक में पुलिस निगरानी में इलाज चल रहा है।
- इस मामले में पहले एक अन्य आरोपी को भी गिरफ्तार किया जा चुका है।

**काली घटाओं का संकेत**

### प्रदेश में कभी भी हो सकती है प्री मानसून की अच्छी बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

प्रदेश में प्री मानसून की जोरदार बारिश का इंतजार अब जल्द खत्म हो सकता है। शुक्रवार शाम प्रदेश के कई हिस्सों में आसमान पर काली घटाएं छा गईं, जिससे मौसम का मिजाज पूरी तरह बदलता नजर आया। मौसम वैज्ञानिक इसे प्री मानसून की व्यापक और तेज बारिश का संकेत मान रहे हैं।

हालांकि प्रदेश के कुछ इलाकों में पिछले दिनों बूंदाबांदी और हल्की से मध्यम बारिश हुई है, लेकिन अब तक कहीं भी व्यापक और मूसलधार प्री मानसून बारिश दर्ज नहीं की गई है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी), चंडीगढ़ के अनुसार अगले एक से दो दिनों में पूरे हरियाणा में प्री मानसून की बारिश होने के अनुकूल परिस्थितियां बन रही हैं। मौसम विभाग का कहना है कि अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमी तथा सक्रिय हो रहे मौसम तंत्र के प्रभाव से प्रदेश के अधिकांश जिलों में बारिश का दायरा बढ़ सकता है। इसके साथ ही तेज हवाएं, गरज-चमक और कुछ स्थानों पर अच्छी बारिश की संभावना भी है।

### जल्द मिलेगी गर्मी से राहत

जून समाप्त होने में अब केवल चार दिन शेष हैं। सामान्य तौर पर इसी अवधि में दक्षिण-पश्चिम मानसून हरियाणा की ओर बढ़ता है और प्री मानसून गतिविधियां भी चरम पर पहुंच जाती हैं। ऐसे में मौसम विभाग की नजर अगले 48 घंटों पर टिकी हुई हैं। यदि अनुमान सही रहा तो प्रदेश को भीषण गर्मी और उमस से बड़ी राहत मिल सकती है। किसानों को भी बारिश का इंतजार है, क्योंकि इससे खेतों में नमी बढ़ेगी और खरीफ सीजन की तैयारियों को गति मिलेगी। वहीं शहरों में तापमान में गिरावट आने के साथ गर्मी और उमस से राहत मिलने की संभावना है। मौसम विशेषज्ञों का मानना है कि यदि अगले एक-दो दिनों में अपेक्षित बारिश होती है तो प्रदेश में मानसून की औपचारिक दस्तक का रास्ता भी साफ हो जाएगा।

## कैंटर ने पिकअप को मारी टक्कर महिला की मौत, कई लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हुमायूंपुर टोल प्लाजा के समीप तेज रफ्तार कैंटर की टक्कर से एक पिकअप गाड़ी पलट गई। हादसे में पिकअप में सवार एक महिला की मौत हो गई, जबकि कई अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस को दी शिकायत में उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जिले के निवासी भीमसेन ने बताया कि वह अपने परिवार और अन्य मजदूरों के साथ पिकअप गाड़ी में सवार होकर अपने गांव जा रहे थे। जब उनकी गाड़ी हुमायूंपुर टोल प्लाजा के पास पहुंची, तभी पीछे से तेज गति से आए एक कैंटर ने उनकी पिकअप को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई। पिकअप सवार कई लोग घायल हो गए, जबकि भीमसेन की पत्नी बिजनी को गंभीर चोटें आईं। उसे बचाने का प्रयास किया गया, लेकिन उसने दम तोड़ दिया। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस घायलों को अस्पताल भिजवाया। महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस ने भीमसेन की शिकायत के आधार पर अज्ञात कैंटर चालक पर केस दर्ज कर लिया है।

## कार और बाइक की आमने-सामने भिड़ंत, सब्जी विक्रेता की गई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

कलानौर के पास कार और बाइक की टक्कर में एक सब्जी विक्रेता युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान माता दरवाजा निवासी रामू के रूप में हुई है। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

माता दरवाजा निवासी रामू पिछले चार वर्षों से कलानौर में सब्जी की दुकान चला रहा था। वह से रोहतक से बाइक पर कलानौर जाता था। शुक्रवार सुबह भी वह दुकान के लिए निकला था। कलानौर के पास सामने से आ रही कार से उसकी बाइक की टक्कर मार दी। हादसे में रामू गंभीर रूप से घायल हो गया और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। आसपास के लोगों ने सूचना तुरंत पुलिस को दी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मृतक के परिजनों को सूचना देकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

प्रारंभिक जांच के आधार पर पुलिस ने कार चालक पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का दुर्घटना के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए गए हैं और सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। जांच पूरी होने पर आगे की कार्रवाई होगी।



रोहतक। किला रोड मार्केट में फायर सेफ्टी सिलेंडर का डैमो करते कर्मी।

## अब किला रोड के व्यापारियों ने खरीदे 150 फायर एक्सटिंग्विशर

- डी पार्क अग्निकांड से सबक ले रहे व्यापारी, डैमो कर बढ़ा रहे जागरूकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

लगातार बढ़ रही आग लगने की घटनाओं को देखते हुए राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन ने व्यापारियों के बीच व्यापक जागरूकता अभियान शुरू करने का निर्णय लिया है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष गुलशन डंग ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य व्यापारिक प्रतिष्ठानों, दुकानों, गोदामों एवं औद्योगिक इकाइयों में अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा फायर सेफ्टी उपकरणों के उपयोग को सुनिश्चित करना है।

इसी कड़ी में शुक्रवार को किला रोड मार्केट में फायर सेफ्टी सिलेंडर चलाकर आग पर काबू पाकर डैमो किया गया। साथ ही व्यापारियों द्वारा मिलजुल कर खरीदे गए करीब 150 अग्निशमन यंत्र किए गए। इस मौके पर महामंडलेश्वर बाबा कपिलपुरी महाराज, किला रोड पूर्व प्रधान बिट्टू सचदेवा, सत्यवान चहल, ट्रैफिक इंस्पेक्टर आजाद सिंह आदि मौजूद रहे।

### शहर में हो चुके कई हादसे

याद रहे इससे पहले शौरी मार्केट और गांधी कैंप मार्केट में भी व्यापारियों द्वारा अग्निशमन यंत्र खरीदे गए हैं। गुलशन डंग ने कहा कि हाल के दिनों में प्रदेश के विभिन्न शहरों में आग लगने की कई घटनाएं सामने आई हैं, जिनमें व्यापारियों को करोड़ों रुपये का आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। अधिकांश मामलों में प्रारंभिक स्तर पर आग पर काबू न पाने का प्रमुख कारण फायर सेफ्टी उपकरणों की कमी व उनके उपयोग की जानकारी का अभाव रहा है। यदि प्रत्येक प्रतिष्ठान पर आवश्यक अग्निशमन उपकरण उपलब्ध हों और उनका समय-समय पर रखरखाव किया जाए, तो बड़ी दुर्घटनाओं को काफी हद तक रोका जा सकता है।

### अभियान चलाएगा संगठन

संगठन प्रदेशभर में चरणबद्ध तरीके से जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इसके अंतर्गत व्यापारियों को फायर एक्सटिंग्विशर सहित अन्य अग्निशमन उपकरणों के सही उपयोग, नियमित जांच, आपातकालीन परिस्थितियों में बचाव के उपाय तथा सुरक्षा मानकों की जानकारी दी जाएगी। विभिन्न जिलों में विशेषज्ञों के सहयोग से कार्यशालाएं, प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं जागरूकता गोष्ठियां भी आयोजित की जाएंगी। प्रदेश अध्यक्ष ने सभी व्यापारी संगठनों, बाजार समितियों एवं औद्योगिक इकाइयों से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की।

**धूल चेहरे पर थी और मैं आईना साफ करता रहा** | **मानसून से पहले नालों की सफाई के लिए1 करोड़ का टेंडर**

# नालों की सफाई के नाम पर कॉस्मेटिक क्लीनिंग

## डीसी बोले- 30 तक करें ड्रेनों और नालों की सफाई अधिकांश वार्डों में सीवर गाद से अटे, बैठकों, टेंडरों और औपचारिक निरीक्षणों से 3 दिन में कैसे साफ होंगे नाले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जुलाई के पहले सप्ताह में मानसून की दस्तक की संभावना है, लेकिन रोहतक शहर की तैयारियां देखकर यही शेर याद आता है, 'धूल चेहरे पर थी और मैं आईना साफ करता रहा।' शहर की असली समस्या नालों में वर्षों से जमी गाद, अवरुद्ध जल निकासी और अधूरी सफाई है, जबकि व्यवस्था का पूरा जोर टेंडर, दावों और औपचारिकताओं पर दिखाई देता है।

नगर निगम ने करीब एक करोड़ रुपये की लागत से 24 वार्डों को चार जोन में बांटकर नालों की सफाई का टेंडर जारी किया। दूसरी ओर उपायुक्त ने 30 जून तक सभी ड्रेनों की सफाई, गाद निकासी और जल निकासी प्रबंध पूरे करने के निर्देश दिए हैं। प्रत्येक आईएएस और एचसीएस अधिकारी को 5-5 किमी क्षेत्र की जिम्मेदारी सौंपने, पंप सेटों की जांच कराने और जलभराव वाले क्षेत्रों का निरीक्षण कराने की योजना भी बना दी गई है। लेकिन इन तमाम तैयारियों के बीच सबसे बड़ा सवाल उठ रहा है कि लेकिन तीन दिन में इतना काम कैसे सम्भव होगा। क्या शहर को जलभराव से बचाने की तैयारी वास्तव में हुई है या फिर यह केवल 'कॉस्मेटिक क्लीनिंग' बनकर रह गई है। निगम की ओर से शनिवार से काम शुरू कराने की बात कही गई है, लेकिन वास्तविक स्थिति काम शुरू होने के बाद ही स्पष्ट होगी।

- पंप सेट एवं अन्य जल निकासी उपकरणों की कार्यशीलता सुनिश्चित करने के निर्देश



### तेज बारिश हुई तो बिगड़ेंगे हालात

शहर के प्रमुख नालों में आज भी जगह-जगह गाद जमी है। कई स्थानों पर कचरे के ढेर पानी के बहाव को रोक रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कुछ जगहों पर केवल औपचारिक सफाई कर तस्वीरें खिंचवाई गई हैं, जबकि वर्षों से जमा सिल्ट को निकालने का काम नहीं हुआ। ऐसे में पहली तेज बारिश के साथ ही सड़कों पर जलभराव की आशंका पहले जैसी ही बनी हुई है। उधर प्रशासन 30 जून की समय सीमा तय कर रहा है, निरीक्षण की रूपरेखा बना रहा है और अधिकारियों की जिम्मेदारियां तय कर रहा है। सवाल यह नहीं कि निर्देश कितने दिए गए, बल्कि यह है कि क्या वर्षों से जमा गाद 3 दिनों में निकल पाएगी? क्या केवल बैठकों और निरीक्षणों से जलभराव रुक जाएगा? शहर के लोग हर साल बारिश में डूबती सड़कों, बंद नालों और ठप यातायात का सामना करते आए हैं। इस बार भी यदि सफाई केवल कागजों, टेंडरों और औपचारिक निरीक्षणों तक सीमित रही तो करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद तस्वीर नहीं बदलेगी।

### निगम अधिकारियों का दावाः शहर में नालों की सफाई शुरू करवाई

दूसरी ओर निगम अधिकारियों का दावा है कि शहर के कुछ हिस्सों में नालों की सफाई का कार्य शुरू कर दिया गया है और इसे जल्द पूरा कर लिया जाएगा। हालांकि सवाल यह है कि यदि मानसून सिर पर खड़ा है तो सफाई कार्य अभी तक पूरी रफ्तार से क्यों शुरू नहीं हो पाया। केवल सतही सफाई से समस्या का समाधान नहीं होगा। जब तक नालों से पूरी गाद नहीं निकाली जाती, जल निकासी व्यवस्था दुरुस्त नहीं की जाती और निकाले गए कचरे को तुरंत उठाया नहीं जाता, तब तक जलभराव का खतरा बना रहेगा।

### हमारे वार्ड में अभी तक सफाई का काम नहीं हुआ है शुरू : सुरेश

अभी तक हमारे वार्ड में नालों की सफाई का कार्य शुरू नहीं हो पाया है। शनिवार के लिए नगर निगम की तरफ से सफाई कार्य करने के लिए कहा गया है लेकिन काम होने के बाद ही वह कुछ कह सकते हैं। -सुरेश किराड़, वार्ड पार्षद 5

बुजुर्गों की बढ़ी टेंशन

## पीपीपी में जन्म तिथि सत्यापन के संदेश मिलते ही मची भागदौड़

# निर्वाचन कार्यालय में जुटने लगी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) में जन्म तिथि सत्यापन के लिए मोबाइल पर भेजे जा रहे संदेशों के बाद जिले में लोगों की भागदौड़ बढ़ गई है। विशेष रूप से बुजुर्ग नागरिकों को मिले संदेशों के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में जन्म तिथि से जुड़े दस्तावेज प्राप्त करने और पुराने मतदाता रिकॉर्ड की जानकारी लेने वालों की भीड़ बढ़ने लगी है। लोगों का कहना है कि यदि निर्धारित 30 दिन के भीतर सत्यापन नहीं कराया गया तो सरकारी योजनाओं का लाभ बंद होने की आशंका जताई गई है, जिससे चिंता और बढ़ गई है।



रोहतक। जिला निर्वाचन कार्यालय में शुक्रवार को ऐसे भीड़ लगी थी।

### आने वाले दिनों में स्थिति और चुनौतीपूर्ण हो सकती है

जिले के लोगों का कहना है कि एक ओर गांवों और शहरों से बड़ी संख्या में लोग सत्यापन के लिए पहुंच रहे हैं, वहीं दूसरी ओर अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय में इस कार्य के लिए सीमित व्यवस्था होने से लंबी कतारें लगने की आशंका है। जिले में 145 गांव हैं। ऐसे में यदि अधिकांश लाभार्थियों को व्यक्तिगत रूप से कार्यालय पहुंचना पड़ा तो आने वाले दिनों में स्थिति और चुनौतीपूर्ण हो सकती है। जिला निर्वाचन कार्यालय पहुंच रहे लोगों का कहना है कि प्रशासन को ब्लॉक या तहसील स्तर पर भी सत्यापन की व्यवस्था करनी चाहिए, ताकि बुजुर्गों और ग्रामीणों को जिला मुख्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें। इसके अलावा जिन लोगों की जन्म तिथि पहले से विभिन्न सरकारी रिकॉर्ड में उपलब्ध है, उनके लिए सत्यापन की प्रक्रिया सरल बनाई जानी चाहिए। फिलहाल जन्म तिथि सत्यापन के संदेशों ने हजारों परिवारों की चिंता बढ़ा दी है और लोग आवश्यक दस्तावेज जुटाने में लगे हुए हैं।



वोटर लिस्ट में अपनी मां का नाम तलाश करती एक महिला

### मोबाइल पर भेजे मैसेज, पुराने दस्तावेज तलाशने में जुटे लोग

बुजुर्गों के सामने सबसे बड़ी मुश्किल

मोबाइल पर प्राप्त संदेश में लाभार्थियों से 30 दिनों के भीतर जन्म तिथि का सत्यापन कराने के लिए कहा गया है। साथ ही यह भी उल्लेख है कि निर्धारित अवधि में प्रक्रिया पूरी नहीं होने पर विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ प्रभावित हो सकता है। सत्यापन के लिए स्कूल लीविंग सर्टिफिकेट, पासपोर्ट, सरकार द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र अथवा वर्ष 2019 से पहले जारी मतदाता पहचान पत्र को मान्य दस्तावेज बताया गया है। यहीं से अधिकांश लोगों की परेशानी शुरू हो रही है। ग्रामीण क्षेत्रों के बुजुर्गों के पास न तो जन्म प्रमाण पत्र है और न ही स्कूल छोड़ने का प्रमाण पत्र। बड़ी संख्या में लोगों ने कभी पासपोर्ट भी नहीं बनवाया। ऐसे में उनकी उम्मीद पुराने मतदाता पहचान पत्र पर टिकी है। लेकिन जिन लोगों ने पिछले कुछ वर्षों में नाम, पता या अन्य विवरण में संशोधन कराया है, उनके पास नया मतदाता पहचान पत्र है। कई मामलों में पुराने पहचान पत्र उपलब्ध नहीं हैं, जबकि नए कार्ड पर केवल आयु अंकित है, जन्म तिथि नहीं। ऐसे लोग अब पुराने रिकॉर्ड की जानकारी के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय का रुख कर रहे हैं।

## सुरक्षा मानकों की गहन जांच को लेकर जिला प्रशासन सख्त

# नर्सिंग होम, अस्पतालों, कोचिंग सेंटर गेस्ट हाउस और पीजी का होगा सर्वे

### इमरजेंसी एग्जिट और फायर सेफ्टी में कमी मिलने पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



अलग खबर

जिले में संचालित पीजी (पेइंग गेस्ट), गेस्ट हाउस, कोचिंग संस्थान, नर्सिंग होम, अस्पताल तथा अन्य व्यावसायिक गतिविधियों पर अब प्रशासन की विशेष नजर रहेगी। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने नगर निगम और हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) के क्षेत्राधिकार में आने वाले ऐसे सभी संवेदनशील प्रतिष्ठानों का व्यापक सर्वेक्षण कराने के निर्देश दिए हैं। इस अभियान का उद्देश्य नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और यह जांचना है कि इन संस्थानों में आवश्यक सुरक्षा मानकों का पालन किया जा रहा है या नहीं। उपायुक्त ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि गठित निरीक्षण दल प्रत्येक संस्थान का विस्तृत सर्वे करेंगे। सर्वेक्षण के दौरान संबंधित भूखंड की प्लॉट संख्या, सेक्टर, संचालक का नाम और वहां संचालित गतिविधि का पूरा विवरण दर्ज किया जाएगा। इसके आधार पर सभी संस्थानों का एक व्यवस्थित रिकॉर्ड तैयार किया जाएगा, जिससे भविष्य में निगरानी और कार्रवाई करना आसान हो सके। निरीक्षण के दौरान सबसे अधिक ध्यान फायर सेफ्टी और आपातकालीन सुरक्षा व्यवस्था पर रहेगा। टीम यह जांच करेगी कि संस्थान में इमरजेंसी एग्जिट (वैकल्पिक निकास मार्ग) उपलब्ध है या नहीं, अग्निशमन यंत्र सही स्थिति में हैं या नहीं तथा अन्य सुरक्षा उपकरण निर्धारित मानकों के अनुरूप स्थापित किए गए हैं। साथ ही भवन में आपात स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं का भी मूल्यांकन किया जाएगा।

### सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि नागरिकों की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसलिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ इस अभियान को गंभीरता से पूरा करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि सुरक्षा मानकों की अनदेखी किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। यदि निरीक्षण के दौरान किसी पीजी, गेस्ट हाउस, कोचिंग सेंटर, नर्सिंग होम, अस्पताल या अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठान में सुरक्षा नियमों का उल्लंघन पाया जाता है तो संबंधित संचालक के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इसमें नोटिस जारी करने से लेकर अन्य कानूनी कार्रवाई भी शामिल हो सकती है।

### इस सर्वेक्षण से आमजन को होगा फायदा

प्रशासन का मानना है कि इस सर्वेक्षण से न केवल संवेदनशील संस्थानों की वास्तविक स्थिति का पता चलेगा, बल्कि भविष्य में किसी भी अप्रिय घटना की आशंका को भी काफी हद तक कम किया जा सकेगा। प्रशासन ने सभी संस्थान संचालकों से अपील की है कि वे अपने यहां सभी सुरक्षा मानकों को समय रहते पूरा कर लें और निरीक्षण के दौरान आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध रखें, ताकि सर्वेक्षण प्रक्रिया सुचारु रूप से पूरी हो सके।

### बिजली कर्मियों का मांगों को लेकर धरना जारी

**सांपला।** शुक्रवार को भी बिजली कर्मचारी यूनियन ने मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया। जिसकी वजह से कामकाज बाधित रहा। सुबह दस बजे से 12 बजे तक कर्मचारी धरने पर बैठे रहे। वहीं सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते रहे। प्रधान नरेंद्र बल्हारा, नवजीत खत्री आदि ने कहा कि सरकार लंबे समय से उनकी मांगों को पूरा नहीं कर रही। उन्होंने कहा कि अगर सरकार ने जल्द समाधान नहीं किया तो प्रदर्शन और तेज किया जाएगा।

### परिवार पर जानलेवा हमला दो और आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** गांव सुडाना में जमीन विवाद को लेकर परिवार पर हुए जानलेवा हमले के मामले में फरार दो आरोपियों तेजबीर पुत्र सज्जन और राहुल पुत्र वजीर, दोनों निवासी गांव सुडाना, को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। अब तक कुल आठ आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। जांच में सामने आया कि प्रदीप के पिता अपने नाना की करीब छह किले जमीन के वारिस हैं। इसी को लेकर दिलावर और उसके परिवार के साथ कई वर्षों से विवाद चला आ रहा है। 2 मार्च की सुबह करीब नौ बजे प्रदीप पत्नी, भाई और मां के साथ मोटरसाइकिल पर खेत जा रहा था। वे गांव में रविंद्र के मकान के पास पहुंचे तो वहां पहले से मौजूद दिलावर, श्रीभगवान, सज्जन, तेजबीर, दीपक और अन्य लोगों ने उन्हें घेर लिया। आरोप है कि सभी ने तेजधार हथियारों और लाठी-डंडों से परिवार पर हमला कर दिया।

### सेक्टर-5 से स्कूटी चोरी का केस सुलझा, आरोपी पुलिस गिरफ्त में

**रोहतक।** सेक्टर-5 स्थित एक मकान के बाहर से स्कूटी चोरी करने की वारदात का रोहतक पुलिस ने खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से स्कूटी भी बरामद कर ली है। आरोपी को अदालत में पेश किया गया।



सेक्टर-5 निवासी दर्शना देवी की शिकायत पर स्कूटी चोरी का मामला दर्ज किया गया था। शिकायत में दर्शना देवी ने बताया कि उन्होंने अपनी स्कूटी घर के बाहर खड़ी की थी। 3 मई की सुबह जब वह बाहर आईं तो स्कूटी अपने स्थान पर नहीं थी। आसपास तलाश करने पर भी कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। मामले की जांच मुख्य सिपाही बलजीत को सौंपी गई। जांच के दौरान पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और अन्य सुरागों के आधार पर आरोपी की पहचान की। 25 जून को पुलिस ने गांव बोहर निवासी पदम पुत्र धर्मबीर को गिरफ्तार कर लिया।

### सीएसडी कैंटीन में शराब बिक्री रुकी, समाधान के लिए पूर्व मंत्री ग्रोवर के पास पहुंचे पूर्व सैनिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

देव कॉलोनी से इंद्र नगर में स्थानांतरित की गई पूर्व सैनिक सीएसडी कैंटीन में शराब की बिक्री बंद होने से नाराज पूर्व सैनिकों का एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने कैंटीन में शराब बिक्री दोबारा शुरू कराने के लिए हस्तक्षेप की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि जून की शुरुआत में कैंटीन को देव कॉलोनी से रुपया चौक के पास इंद्र नगर में स्थानांतरित किया गया था। नए परिसर में जनरल स्टोर का संचालन सामान्य रूप से शुरू हो गया, लेकिन शराब बिक्री का परमिट अभी भी देव कॉलोनी स्थित पुराने पते के नाम पर होने के कारण नए स्थान पर बिक्री रोक दी गई। पूर्व सैनिकों के अनुसार, इस संबंध में विभिन्न विभागों को शिकायतें मिलने के बाद आबकारी विभाग ने कार्रवाई करते हुए नए परिसर में शराब बिक्री पर रोक लगा दी और जून माह का स्टॉक भी सील कर दिया।

#### आवंटित कोटा भी नहीं मिल पा रहा



प्रतिनिधिमंडल के साथ मौजूद कैंटीन अधिकारी ने पूर्व मंत्री को पूरे घटनाक्रम से अवगत कराया। इस दौरान शिकायतों और परमिट संबंधी तकनीकी प्रक्रिया पर भी चर्चा हुई। पूर्व सैनिकों ने कहा कि इस स्थिति से बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक प्रभावित हो रहे हैं और जून माह का आवंटित कोटा भी उन्हें नहीं मिल पा रहा है। लंबी चर्चा के बाद सुझाव सामने आया कि जब तक नए परिसर के लिए आवश्यक अनुमति नहीं मिल जाती, तब तक जिस स्थान के नाम पर आबकारी विभाग का परमिट जारी है, वहीं से विभागीय अनुमति लेकर शराब की बिक्री कराई जाए। प्रतिनिधिमंडल में कई सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी और पूर्व सैनिक शामिल रहे।

### रोहतक में तीन बच्चों का हुआ सुरक्षित दत्तक ग्रहण

■ डीसी के निर्देश पर पूरी हुई प्रक्रिया

**रोहतक।** चौ. लखी राम जगन्नाथ आश्रम द्वारा संचालित विशेषीकृत दत्तक ग्रहण एजेंसी में तीन बच्चों की दत्तक ग्रहण प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी हो गई है। उपायुक्त के निर्देशानुसार आयोजित इस प्रक्रिया के तहत दो नन्ही बच्चियों और एक नन्हे बच्चे को अंतिम रूप से तीन समृद्ध परिवारों को सुपुर्द किया गया। यह पूरी कानूनी प्रक्रिया बाल संरक्षण अधिकारी कुलदीप सिंह, बाल कल्याण समिति के चेयरमैन सतीश कौशिक और सदस्य विकास अत्री व उषा चावला की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुई। आश्रम प्रबंधन के अनुसार, इनमें से एक बच्ची सोनीपत, दूसरी चरखी दादरी और बच्चा भिवानी से आश्रम में आए थे। इसके अतिरिक्त, गत 15 जून 2026 को बाल कल्याण समिति झज्जर में एक और बच्चा आश्रम को प्राप्त हुआ है। आश्रम के मंत्री युवराज, राजरूप राठी, रविन्द्र सिंह और संदीप कुमार ने बताया कि इस समय संस्थान में कुल 3 बालक सुरक्षित रह रहे हैं और उनकी उचित देखभाल की जा रही है।

### वोटर सूची पर उठे सवालों के बीच पूर्व सैनिकों को फैसले का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा पूर्व सैनिक संघ (एचईएसएल) के प्रस्तावित चुनावों से पहले वोटर सूची को लेकर शुरू हुआ विवाद अभी थमा नहीं है। वोटर सूची में बड़ी संख्या में पात्र पूर्व सैनिकों के नाम शामिल नहीं होने का आरोप लगाते हुए पूर्व सैनिकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने कुछ दिन पहले उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर हस्तक्षेप की मांग की थी। अब पूर्व सैनिकों को प्रशासन की ओर से कार्रवाई और फैसले का इंतजार है। पूर्व सैनिकों का कहना है कि हरियाणा पूर्व सैनिक संघ एक गैर राजनीतिक संस्था है, जिसके चुनाव प्रत्येक तीन वर्ष में सोसायटी एक्ट के तहत कराए जाते हैं। उनका कहना है कि अक्टूबर 2025 में प्रस्तावित चुनाव वोटर सूची को लेकर उठी आपत्तियों के कारण स्थगित हो गए थे। इसके बाद संघ के संचालन के लिए प्रशासक नियुक्त किया गया। अब पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के निर्देशों के अनुसार छह माह के भीतर चुनाव कराने की प्रक्रिया चल रही है। पूर्व सैनिकों का आरोप है कि 22 जून को जारी एक्टिव वोटर सूची में कई पात्र सदस्यों के नाम नहीं हैं। उनका कहना है कि सूची तैयार करने का आधार भी सार्वजनिक नहीं किया गया। उनका दावा है कि रोहतक शहर से डेलीगेट पद के संभावित उम्मीदवार कैप्टन जगबीर मलिक का नाम भी वोटर सूची में शामिल नहीं है।

#### इनके नाम सूची से बाहर

प्रतिनिधिमंडल के अनुसार रोहतक शहर में 690, सांपला में 566, महम में 487, किलोई में 412, लाखनमाजरा में 378 तथा कलानौर में 459 पूर्व सैनिकों के नाम सूची से बाहर हैं।

सियासत | जाट शिक्षण संस्था में दिनभर चार्ज को लेकर रही चर्चाएं

## दफ्तर पर ताला मिलने से लौटा प्रतिनिधिमंडल

■ रजिस्ट्रार के आदेश के बाद बढ़ी हलचल, नए प्रशासनिक समीकरणों पर टिकीं निगाहें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जाट शिक्षण संस्था में प्रधान और महासचिव को पद से हटाने संबंधी जिला फर्म एवं सोसायटी रजिस्ट्रार के आदेश के अगले ही दिन शुक्रवार को संस्था में प्रशासनिक कार्यभार को लेकर दिनभर चर्चाओं का बाजार गर्म रहा। सुबह से ही संस्था में नए पदाधिकारियों द्वारा कार्यभार संभालने की चर्चाएं चलती रहीं, लेकिन दिन के अंत तक किसी भी प्रकार का औपचारिक कार्यभार हस्तांतरण नहीं हो सका। संस्था के एक पदाधिकारी और कुछ कॉलेजियम सदस्य एक पदाधिकारी को कार्यभार ग्रहण कराने के उद्देश्य से संस्था के कार्यालय पहुंचे, लेकिन वहां कार्यालय पर ताला लगा मिला। कुछ समय तक सभी सदस्य कार्यालय के बाहर इंतजार करते रहे। बाद में संबंधित पदाधिकारी से दूरभाष पर संपर्क किए जाने की बात सामने आई, जिसके बाद प्रतिनिधिमंडल बिना किसी औपचारिक कार्यवाही के वापस लौट गया। बताया जा रहा है कि इस पदाधिकारी की सभी पॉवर छीन ली गई थी।

▶▶| 25 जून को जिला फर्म एवं सोसायटी रजिस्ट्रार ने संस्था के तत्कालीन प्रधान और महासचिव की आजीवन सदस्यता समाप्त करते हुए उन्हें पद से हटाने के आदेश जारी किए थे

#### संस्था की ओर से आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई

सूत्रों के अनुसार, प्रतिनिधिमंडल का उद्देश्य संस्था के वित्तीय कार्यों से जुड़े पदाधिकारी को उनके दायित्वों का कार्यभार दिलाने की प्रक्रिया शुरू करना था। हालांकि कार्यालय बंद होने के कारण यह प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ सकी। इसके बाद संबंधित पक्ष ने बैंक में आवश्यक औपचारिकताओं को लेकर अपनी ओर से पत्र जमा कराया। इस संबंध में संस्था की ओर से आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। गौरतलब है कि 25 जून को जिला फर्म एवं सोसायटी रजिस्ट्रार ने संस्था के तत्कालीन प्रधान और महासचिव की आजीवन सदस्यता समाप्त करते हुए उन्हें पद से हटाने के आदेश जारी किए थे। आदेश के बाद संस्था में नए प्रशासनिक ढांचे को लेकर लगातार गतिविधियां बनी हुई हैं। इसी क्रम में उप प्रधान को संस्था के संचालन की जिम्मेदारी मिलने की जानकारी भी सामने आई थी।

#### हलचल फिलहाल थमती नजर नहीं आ रही

संस्था से जुड़े लोगों का मानना है कि आने वाले कुछ दिन प्रशासनिक दृष्टि से महत्वपूर्ण रहेंगे। एक ओर नए आदेशों के अनुरूप कार्यभार और वित्तीय अधिकारों को लेकर प्रक्रिया आगे बढ़ेगी, वहीं दूसरी ओर रजिस्ट्रार के आदेश को चुनौती दिए जाने की संभावना भी जताई जा रही है। ऐसे में संस्था के भीतर चल रही हलचल फिलहाल थमती नजर नहीं आ रही। फिलहाल संस्था के कार्यालय पर ताला मिलने से कार्यभार संभालने की चर्चाओं पर विराम जरूर लग गया, लेकिन पूरे घटनाक्रम ने यह संकेत दे दिया है कि जाट शिक्षण संस्था का प्रशासनिक विवाद अभी समाप्त नहीं हुआ है और अगले कुछ दिनों में इसमें नए घटनाक्रम सामने आ सकते हैं।

## न्यूज डायरी



### सहकारिता और पशुपालन अपनाकर किसान बढ़ा सकते हैं अपनी आय

**रोहतक।** गांव आसन में शुक्रवार को हरकोफैंड की ओर से किसान जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 50 किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को सहकारिता, वैज्ञानिक पशुपालन और प्राकृतिक खेती के माध्यम से आय बढ़ाने के उपायों से अवगत कराना था। हरकोफैंड की शिक्षा अधिकारी अर्चना ने किसानों को सहकारिता के महत्व की जानकारी देते हुए कहा कि सहकारी संस्थाओं से जुड़कर किसान खेती की लागत कम करने के साथ अपनी आमदनी भी बढ़ा सकते हैं। उन्होंने किसानों से अधिक से अधिक संख्या में सहकारी क्षेत्र से जुड़ने का आह्वान किया। मुख्य वक्ता डॉ. राजेंद्र सिंह ने किसानों और पशुपालकों को वैज्ञानिक पशुपालन की आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी। उन्होंने उन्नत नस्लों के चयन, नस्ल सुधार, नवजात पशुओं की देखभाल, खीस पिलाने के महत्व, संतुलित आहार, स्वच्छ पेयजल, खनिज मिश्रण, आरामदायक पशु आवास तथा मौसम के अनुसार रोगों से बचाव और टीकाकरण के बारे में विस्तार से बताया। डॉ. ने कहा कि प्राकृतिक खेती में गौवंश का विशेष महत्व है। गोबर और गोमूत्र के उपयोग से खेती की लागत कम होती है तथा मिट्टी की उर्वरता बढ़ती है। उन्होंने किसानों से मिट्टी की जांच कराने, फसल अवशेष नहीं जलाने तथा सरकार की कृषि एवं पशुपालन संबंधी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। शिविर में गांव आसन के पैक्स मैनेजर जोगेंद्र ने सहयोग दिया। वहीं प्राकृतिक खेती करने वाले किसान विजेंद्र ने अपने अनुभव साझा करते हुए किसानों को प्राकृतिक खेती के लाभ बताए।

### समाज सेवी लखमीचंद ने किया उद्घाटन



**सांपला।** खंड के गांव भैसरु कला में कौशिक फार्म हाउस का गांव के सबसे बुजुर्ग 95 वर्षीय अंतरराष्ट्रीय कोच व समाजसेवी पहलवान पंडित लखमीचंद में नारियल फोड़ कर उदघाटन किया। उन्होंने कहा कि बदलते दौर में ऐसी सुविधाओं का होना बहुत जरूरी है। समाज सेवा में प्रयोग होना चाहिए। इस मौके पर हवन यज्ञ किया गया। जिसमें महिला पुरुषों ने आहूति डाल कर भगवान को याद किया। इस मौके पर नरेश कौशिक, जीतराम ने पगड़ी बांध कर अतिथि से आशीर्वाद लिया। इसके अलावा हरिओम, शीला, नरेंद्र कुमार आदि उपस्थित थे।



### भरत तिवारी एनकाउंटर की हो सिटिंग जज की निगरानी में सीबीआई जांचः नवीन जयहिंद

**रोहतक।** सामाजिक कार्यकर्ता नवीन जयहिंद ने बिहार में हुए भरत तिवारी एनकाउंटर को पूरी तरह फर्जी बताते हुए इस मामले की सुप्रीम कोर्ट के सिटिंग जज की निगरानी में सीबीआई जांच कराने की मांग की है। जयहिंद ने इसे देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था और आम नागरिक की आवाज से जुड़ा गंभीर मुद्दा बताया। भरत तिवारी का कथित अंतिम वीडियो दिखाते हुए उन्होंने दावा किया कि वीडियो में वह कोई निजी मांग नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार और झूठे वादों के खिलाफ आवाज उठा रहा था और हथियार भी सरेंडर कर रहा था। उन्होंने हरियाणा के 700 करोड़ के कथित बैंक घोटाले का जिक्र करते हुए जनता के पैसे की लूट पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। युवाओं से लोकतांत्रिक तरीके से सवाल पूछने की अपील करते हुए जयहिंद ने घोषणा की कि 28 को पहरावर में मनाया जाने वाला भगवान परशुराम जन्मोत्सव भरत तिवारी की स्मृति को समर्पित रहेगा।



### उपायुक्त ने पोर्टलों की लंबित शिकायतों के शीघ्र निपटारे के दिए सख्त निर्देश

**रोहतक।** समाधान शिविर, सीएम विंडो और जनसंवाद पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के समयबद्ध निपटारे को लेकर जिला प्रशासन ने संबंधित विभागों को लंबित मामलों में तेजी से कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। शुक्रवार को अभिलेखागार विभाग के आयुक्त एवं सचिव साकेत कुमार ने वर्चुअल बैठक के माध्यम से उपायुक्तों और अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ शिकायतों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि जिले में जनसंवाद सहित विभिन्न शिकायत पोर्टलों पर प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कई शिकायतों का समाधान किया जा चुका है और उनकी कार्रवाई रिपोर्ट भी शीघ्र ही संबंधित पोर्टलों पर अपलोड कर दी जाएगी, ताकि शिकायतकर्ताओं को अद्यतन जानकारी मिल सके।

### जमीन विवाद : हाईकोर्ट के आदेश पर इंडियन पब्लिक स्कूल सील, 400 विद्यार्थियों का भविष्य अधर में

**रोहतक।** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के आदेश पर कलानौर नगर पालिका ने शुक्रवार को इंडियन पब्लिक स्कूल की इमारत को सील कर दिया। जमीन विवाद को लेकर की गई इस कार्रवाई के बाद स्कूल में अध्ययनरत करीब 400 विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों की चिंता बढ़ गई है। स्कूल प्रबंधन ने मौजूदा शैक्षणिक सत्र पूरा कराने की अनुमति देने की मांग न्यायालय से की है। नगर पालिका के एसडीओ पंकज गर्ग ने बताया कि स्कूल प्रबंधन और नगर पालिका के बीच जमीन को लेकर लंबे समय से पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में विवाद चल रहा था। न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में पहले स्कूल प्रबंधन को नोटिस जारी किए गए और सभी आवश्यक कानूनी प्रक्रियाएं पूरी की गईं। निर्धारित समय में जमीन खाली नहीं किए जाने पर शुक्रवार को स्कूल भवन को सील कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान नगर पालिका की टीम ने पुलिस की मौजूदगी में स्कूल परिसर को अपने कब्जे में लेकर भवन पर सील लगा दी। इस कार्रवाई के बाद स्कूल में पढ़ने वाले लगभग 400 विद्यार्थियों का भविष्य फिलहाल अधर में लटक गया है। अभिभावकों के सामने भी बच्चों की पढ़ाई को लेकर नई चिंता खड़ी हो गई है।

# पीजीआईएमएस की बायोकेमिस्ट्री लैब को मिली एनएबीएच मान्यता

## अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिलेगी रिपोर्ट को मान्यता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय की बायोकेमिस्ट्री लैब ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। लैब को राष्ट्रीय परीक्षण और अंशांकन प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीएच) की प्रतिष्ठित मान्यता प्राप्त हुई है। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. एचके अग्रवाल ने बायोकेमिस्ट्री विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सिम्मी खरब एवं उनकी पूरी टीम को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

कुलपति डॉ.एचके अग्रवाल ने डॉ. सिम्मी की टीम को बधाई देते हुए कहा कि एनएबीएच की मान्यता मिलने का सीधा अर्थ है कि अब पीजीआईएमएस की बायोकेमिस्ट्री लैब में होने वाली सभी जांचें अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों पर खरी उतरेंगी। यहां से जारी होने वाली रिपोर्ट को देश-विदेश के सभी अस्पतालों और संस्थानों में भी मान्यता मिलेगी। कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल ने कहा कि यह सिर्फ एक सर्टिफिकेट नहीं, बल्कि हरियाणा की जनता के विश्वास का प्रमाण पत्र है। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि यह पीजीआईएमएस के लिए गर्व का क्षण है।



### टीम वर्क की मिसाल

डॉ. सिम्मी खरब ने अपनी टीम के डॉ. वसुधा, डॉ. गुलशन, डॉ. दीपिका, श्री उमेश, श्री जसप्रीत, श्री विजय कालरा, सभी एलटी सहित सभी स्टाफ सदस्यों का विशेष आभार जताया। उन्होंने कहा कि कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल, निदेशक डॉ. एसके सिंघल का लगातार मार्गदर्शन और प्रशासन का सहयोग मिला, तभी हम यह मुकाम हासिल कर पाए। डॉ. सिम्मी ने बताया कि एनएबीएल भारत सरकार की क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया के अधीन एक स्वायत संस्था है जो लैब्स की तकनीकी क्षमता और गुणवत्ता प्रणाली की जांच के बाद मान्यता देती है। एनएबीएच मान्यता प्राप्त लैब की रिपोर्ट को 100 से अधिक देशों में मान्यता मिलती है। इस अवसर पर क्वालिटी मैनेजर डॉ. वसुधा, डॉ. गुलशन, डॉ. दीपिका, उमेश, जसप्रीत, विजय कालरा, सभी एलटी का सहयोग रहा।

### डॉ. सिम्मी खरब के नेतृत्व में कड़ी मेहनत रंग लाई

बायोकेमिस्ट्री विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सिम्मी खरब ने बताया कि एनएबीएच की मान्यता के लिए पिछले करीब एक साल से लगातार तैयारी चल रही थी। लैब के सभी उपकरणों का अंशांकन, स्टाफ की ट्रेनिंग, जांच की हर स्टेप की रिकॉर्ड कीपिंग और क्वालिटी कंट्रोल जैसे सैकड़ों मानकों को पूरा करना पड़ा। उन्होंने कहा कि यह पूरी टीम की जीत है। हमारे फैकल्टी, टेक्नीशियन और रेजिडेंट डॉक्टरों ने दिन-रात एक कर दिया। उन्होंने बताया कि एनएबीएच की टीम ने दो दिन तक बारीकी से हर प्रक्रिया को जांचा, तब जाकर यह मान्यता मिली है। डॉ. खरब ने कहा कि इसका मरीजों को सीधा फायदा मिलेगा। डॉ. एचके अग्रवाल ने बताया कि पीजीआईएमएस में प्रतिदिन 3000 से अधिक मरीजों की बायोकेमिस्ट्री जांचें होती हैं। इनमें शुगर, किडनी फंक्शन, लिवर फंक्शन, लिपिड प्रोफाइल, हार्मोन टेस्ट जैसे महत्वपूर्ण टेस्ट शामिल हैं। एनएबीएच मान्यता के बाद अब हर रिपोर्ट के साथ गुणवत्ता की गारंटी मिलेगी। उन्होंने कहा कि गरीब से गरीब मरीज को भी अब प्राइवेट लैब जैसी विश्वसनीय रिपोर्ट सरकारी अस्पताल में फ्री मे मिलेगी।

## न्यूज डायरी

### केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत पहुंचे बाबा मस्तनाथ मठ, विश्वविद्यालय की उपलब्धियों को सराहा



**रोहतक।** हरियाणा की ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक धरोहर बाबा मस्तनाथ की पावन तपोस्थली मठ अस्थल बोहर में केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत पहुंचे। उनके साथ भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता और पतंजलि समूह के निदेशक डॉ. यशदेव शास्त्री ने भी बाबा मस्तनाथ महाराज की समाधि पर शीश नवाया और आशीर्वाद लिया। मठ अस्थल बोहर के पीठाधीश्वर एवं सांसद महंत बाबा बालकनाथ योगी ने सभी विशिष्ट अतिथियों का पारंपरिक स्वागत किया और उन्हें स्मृति-चिह्न भेंट किए। महंत बालकनाथ ने अतिथियों को नाथ संप्रदाय की गौरवशाली विरासत और बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय की शैक्षणिक व चिकित्सा क्षेत्र की उपलब्धियों से परिचित कराया। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों, शोध और राष्ट्र निर्माण को बढ़ावा दे रहा है। इसके अलावा मठ द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं, गौसेवा और पर्यावरण संरक्षण के कार्य भी निरंतर किए जा रहे हैं। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और अन्य अतिथियों ने मठ की आध्यात्मिक गरिमा, अनुशासित व्यवस्था तथा शिक्षा एवं चिकित्सा के क्षेत्र में किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों की जमकर सराहना की। उन्होंने परंपरा और आधुनिकता के इस समन्वय को देश के लिए एक प्रेरणा बताया। इस दौरान मठ और विश्वविद्यालय परिवार के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### विश्वविद्यालय अधिनियम और सेवा नियमों की जानकारी हर शिक्षक के लिए जरूरी : प्रो. पुनिया

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में आयोजित फैकल्टी इंडक्शन कार्यक्रम के 23वें दिन शिक्षकों को विश्वविद्यालय प्रशासन, सेवा नियमों और एआई आधारित शिक्षण तकनीकों की जानकारी दी गई। भौतिकी विभाग के प्रो. राजेश पुनिया तथा डॉ. गिरधर ने विशेषज्ञ व्याख्यान दिए। प्रो. राजेश पुनिया ने विश्वविद्यालय अधिनियम की भूमिका एवं महत्व विषय पर आयोजित सत्रों में विश्वविद्यालय अधिनियम, स्टैच्यूट, ऑर्डिनेंस, रेगुलेशन तथा कार्यकारी परिषद, शैक्षणिक परिषद और कोर्ट जैसे वैधानिक निकायों की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के सभी प्रशासनिक एवं शैक्षणिक निर्णय निर्धारित कानूनी प्रक्रिया के अनुसार लिए जाते हैं। दूसरे सत्र में उन्होंने शिक्षकों से जुड़े सेवा नियमों, कार्यभार, वेतनमान, करियर एडवांसमेंट स्कीम (सीएएस), वरिष्ठता निर्धारण, आवास आवंटन, एचआरए तथा अन्य सेवा लाभों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इन नियमों की जानकारी प्रत्येक शिक्षक के लिए आवश्यक है।



### साइकिलिस्ट स्वीटी मलिक को कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने किया सम्मानित

**रोहतक।** हरियाणा के हिसार में अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस पर आयोजित भव्य राज्य स्तरीय समारोह में फिट इंडिया की नेशनल एंबेसडर और अंतरराष्ट्रीय साइकिलिस्ट स्वीटी मलिक को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सामाजिक न्याय, अधिकारिता एवं कल्याण मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने उन्हें स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र भेंट किया। कैबिनेट मंत्री ने स्वीटी मलिक के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि साइकिलिंग के जरिए युवाओं को नशा मुक्ति और फिटनेस का संदेश देना एक प्रेरणादायक पहल है। सोशल वेलफेयर विभाग के संयुक्त निदेशक, जिला समाज कल्याण अधिकारी महावीर गोदारा, सिविल सर्जन और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के उच्च अधिकारी मौजूद रहे। स्वीटी मलिक ने सरकार का आभार जताते हुए कहा मेरा लक्ष्य युवाओं को नशे की दलदल से दूर कर खेलों से जोड़ना है। जब तक हरियाणा 'योग युक्त और नशा मुक्त' नहीं हो जाता, मेरा यह अभियान जारी रहेगा। कार्यक्रम में उपस्थित सैकड़ों युवाओं ने भी प्रदेश को नशा मुक्त बनाने की शपथ ली।

## अंतरराष्ट्रीय नशा विरोधी दिवस पर एसपी गौरव का आह्वान

# नशा तस्करों की जड़ों पर करें ऐसा प्रहार ताकि दोबारा नहीं पनप सकें

आमजन से भी नशे के खिलाफ इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



अंतरराष्ट्रीय नशा विरोधी दिवस के अवसर पर रोहतक पुलिस ने नशे के खिलाफ निर्णायक लड़ाई का संदेश देते हुए पूरे जिले को नशामुक्त बनाने का संकल्प दोहराया। पुलिस अधीक्षक गौरव राजपुरोहित ने स्पष्ट कहा कि रोहतक में ड्रग्स तस्करी और अवैध नशे के कारोबार के लिए कोई स्थान नहीं है। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि नशा तस्करों की जड़ों पर ऐसा प्रहार किया जाए कि वे भविष्य में दोबारा इस जिले में अपने पैर न जमा सकें। साथ ही आमजन से भी नशे के खिलाफ इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। पुलिस अधीक्षक गौरव राजपुरोहित के मार्गदर्शन में रोहतक पुलिस जिले को नशामुक्त बनाने के लिए लगातार विशेष अभियान चला रही है। अंतरराष्ट्रीय नशा विरोधी दिवस' तथा नशा मुक्त भारत पखवाड़ा के तहत पुलिस की ओर से लोगों को जागरूक करने के साथ-साथ नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई भी की जा रही है।

एसपी ने बताया कि वर्ष 2026 में अब तक जिले में मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़े 55 मामले दर्ज किए जा चुके हैं। इन मामलों में 95 नशा तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया, जबकि उनके कब्जे से करोड़ों रुपये मूल्य के विभिन्न प्रकार के नशीले पदार्थ बरामद किए गए हैं। उन्होंने कहा कि रोहतक पुलिस नशे के नेटवर्क को पूरी तरह खत्म करने के लिए लगातार कार्रवाई कर रही है और यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। केवल कानूनी कार्रवाई से ही नशे की समस्या का समाधान संभव नहीं है। समाज की भागीदारी और युवाओं में जागरूकता भी उतनी ही आवश्यक है।

### नागरिकों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण

इसी उद्देश्य से 'नशा मुक्त भारत पखवाड़ा' के दौरान जिले के स्कूलों, कॉलेजों, गांवों और सार्वजनिक स्थानों पर राहगीरी कार्यक्रम, जागरूकता रैलियां और विशेष सेमिनार आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को नशे के दुष्परिणाम, स्वास्थ्य पर उसके घातक प्रभाव और नशा तस्करी से जुड़े कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी जा रही है। एसपी गौरव राजपुरोहित ने कहा कि ड्रग्स के खिलाफ इस लड़ाई में आम नागरिकों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। यदि किसी व्यक्ति को नशे की बिक्री, खरीद, तस्करी या उपयोग से संबंधित कोई जानकारी मिलती है तो उसे तुरंत पुलिस या संबंधित एजेंसियों के साथ साझा करना चाहिए। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी तथा नशा तस्करों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## एमडीयू में सस्पेंडेड एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. विकास सिवाच पर से हटा कैंपस एंट्री बैन

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय प्रशासन ने एक महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग विभाग के निलंबित एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. विकास सिवाच को बड़ी राहत दी है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने डॉ. सिवाच पर लगे कैंपस एंट्री बैन को हटा दिया है, जिससे अब वह आगामी एमडीयू टीचर्स एसोसिएशन चुनाव प्रक्रिया-2026 में हिस्सा ले सकेंगे। आधिकारिक पत्र के अनुसार, डॉ. विकास सिवाच ने पिछले दिनों 19 जून और 23 जून 2026 को ईमेल के माध्यम से विश्वविद्यालय परिसर में प्रवेश की अनुमति मांगी थी। उनके इस अनुरोध पर विचार करते हुए वाइस-चांसलर ने कुछ नियमों व शर्तों के साथ उनके प्रवेश पर लगा प्रतिबंध हटाने की मंजूरी दे दी है। प्रशासन द्वारा जारी आदेश के तहत कैंपस में प्रवेश की यह अनुमति तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है और यह केवल एमडीयू टीचर्स एसोसिएशन की चुनाव प्रक्रिया संपन्न होने तक ही प्रभावी रहेगी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि एंट्री बैन हटाने का डॉ. सिवाच के खिलाफ चल रही विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाही पर कोई असर नहीं पड़ेगा और वह बिना किसी पूर्वाग्रह के जारी रहेगी। कैंपस में प्रवेश करने से पहले डॉ. विकास सिवाच को इन सभी शर्तों और नियमों के निष्पक्ष पालन के संबंध में एक लिखित अंडरटेकिंग भी प्रशासन को सौंपनी होगी। डॉ. विकास सिवाच ने बताया कि शुक्रवार को लगभग 120 शिक्षकों के साथ मिलकर कुलपति प्रो. मिलाप पुनिया का धन्यवाद किया गया। उन्होंने कुलसचिव प्रो. संदीप बंसल और डीन अकादमिक अफेयर्स प्रो. एएस मान के प्रति भी आभार व्यक्त किया। चुनाव लड़ने के सवाल पर डॉ. सिवाच ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि वे स्वयं चुनाव लड़ेंगे या नहीं, यह अभी तय नहीं हुआ है। इसका अंतिम निर्णय उनका ग्रुप यानी शिक्षक संघ सामूहिक रूप से करेगा।

मार्केट न्यूज

## सांगवान डिफेंस एकेडमी में रविवार को लगेगा निःशुल्क हेल्थ कैंप



दिनेश सांगवान
निदेशक

**रोहतक।** गोहाना रोड नियर वीटा प्लांट के पास स्थित रविवार को सांगवान डिफेंस एकेडमी में विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क हेल्थ कैंप का आयोजन किया जाएगा। एकेडमी के डायरेक्टर दिनेश सांगवान ने बताया कि यह विशेष स्वास्थ्य शिविर एनडीए, नेवी, एयर फोर्स तथा अन्य सरकारी नौकरियों की तैयारी कर रहे छात्रों को ध्यान में रखकर आयोजित किया जा रहा है। कैंप सुबह 10:00 बजे शुरू होकर दोपहर 3:00 बजे तक चलेगा। इस दौरान छात्रों का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा तथा विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श भी दिया जाएगा। दिनेश सांगवान ने कहा कि देश सेवा का संकल्प लेने वाले युवाओं के लिए शारीरिक रूप से स्वस्थ रहना अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य से एकेडमी हर वर्ष इस प्रकार के स्वास्थ्य एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करती है, ताकि विद्यार्थी अपनी पढ़ाई के साथ-साथ अपने स्वास्थ्य का भी पूरा ध्यान रखें। उन्होंने सभी अभ्यर्थियों से समय पर पहुंचकर इस निःशुल्क हेल्थ कैंप का लाभ उठाने की अपील की।

## छोच्छी गांव में लगाए गए शिविर में 165 मरीजों को मिला इलाज

**रोहतक।** ग्राम छोच्छी में श्री केवीएम सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के तत्वावधान में एक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं उपचार शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में क्षेत्र के ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर विशेषज्ञ चिकित्सकों से स्वास्थ्य संबंधी परामर्श लिया और मुफ्त जांच व उपचार का लाभ उठाया। शिविर के दौरान कुल 165 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवाइयाँ दी गईं। इसमें मुख्य रूप से ऑर्थोपेडिक (हड्डी एवं जोड़ रोग) विशेषज्ञ डॉ. विशाल वर्मा ने 81 मरीजों, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. सुचिता दहिया ने 27 महिला मरीजों तथा जनरल मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. सोहैल ने 57 मरीजों की गहन जांच की और उचित परामर्श दिया। शिविर में पहुंचे सभी मरीजों को उनकी बीमारियों के अनुसार विशेषज्ञ डॉक्टरों की सलाह के साथ-साथ मुफ्त दवाइयाँ भी वितरित की गईं। इसके अलावा, आवश्यकता के अनुसार विभिन्न महत्वपूर्ण लैब टेस्ट और स्वास्थ्य परीक्षण भी पूरी तरह निःशुल्क किए गए। अस्पताल प्रबंधन ने इस मौके पर बताया कि इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों तक उच्च स्तरीय व सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना और उन्हें सेहत के प्रति जागरूक करना है।

## हसनगढ़ आईटीआई में अब तक 120 आवेदन आए, विद्यार्थी 30 तक कर सकते हैं अप्लाई



रविंद्र चहल
प्राधानाचार्य

**रोहतक।** हरियाणा राज्य के सभी राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में सत्र 2026-27 के लिए ऑनलाइन दाखिले की प्रक्रिया जारी है। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान हसनगढ़ के प्रधानाचार्य रविंद्र चहल ने जानकारी देते हुए बताया कि दाखिले के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि को अब बढ़ाकर 30 जून कर दिया गया है। यह ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 2 जून से शुरू की गई थी। उन्होंने बताया कि अब संस्थान में 120 आवेदन आए है।

मिशन एडमिशन

संस्थान के प्रधानाचार्य ने बताया कि जो भी इच्छुक आवेदक आईटीआई में दाखिला लेना चाहते हैं, उन्हें ऑनलाइन फॉर्म भरने में कोई परेशानी न हो, इसके लिए संस्थान परिसर में एक विशेष हेल्पडेस्क स्थापित किया गया है। आवेदक संस्थान में आकर इस हेल्पडेस्क की मदद से अपना दाखिला आवेदन फॉर्म आसानी से भर सकते हैं। हसनगढ़ आईटीआई में इस समय इलेक्ट्रिकशियन, वायरमैन, एमएईई, एमएमवी और आरएसी सहित कुल 18 विभिन्न ट्रेडों में दाखिले चल रहे हैं। दाखिले से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां जैसे आवश्यक दस्तावेज, योग्यता मानदंड और पात्रता इत्यादि की जांच करने के लिए छात्र हरियाणा आईटीआई के आधिकारिक दाखिला पोर्टल https://admissions.iti-haryana.gov.in पर जा सकते हैं।




## अंडर ग्रेजुएट कोर्सेज के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तारीख बढ़ाई

# सुपवा में दाखिला रजिस्ट्रेशन अब 8 जुलाई तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

दादा लखमी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (डीएलसीसुपवा) में अंडर ग्रेजुएट कोर्सेज में दाखिले के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की समय सीमा को बढ़ा दिया गया है। 12वीं कक्षा पास करने वाले छात्र अंडर ग्रेजुएट कोर्सेस में दाखिले के लिए अब 8 जुलाई तक यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर अपना रजिस्ट्रेशन कर सकेंगे। जबकि, पोस्ट ग्रेजुएट कोर्सेज के लिए पहले से ही 10 जुलाई अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। डीन अकेडमिक अफेयर्स डॉ. अजय कौशिक ने बताया कि यूनिवर्सिटी के एडमिशन हेल्पडेस्क पर काफी छात्रों के फोन आ रहे थे, जो दाखिले के लिए जरूरी विभिन्न सर्टिफिकेट बनने में किसी न किसी कारण से देरी होने की जानकारी दे रहे थे। यूजी कोर्सेज में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 26 जून से आगे बढ़ाने का अनुरोध कर रहे थे। यूनिवर्सिटी के कुलगुरु डॉ. अमित आर्य के संज्ञान में लाया गया तो उन्होंने एडमिशन लेने के इच्छुक छात्रों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यूजी कोर्सेज के दाखिले के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की डेडलाइन को आगे बढ़ाने की मंजूरी दे दी। अब 8 जुलाई तक छात्र यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन कराने के साथ ही डॉक्यूमेंट अपलोड व फीस जमा कराने की सुविधा का लाभ उठा सकेंगे।



### पीजी कोर्सेस में दाखिले की तारीखें

डीएलसीसुपवा की वेबसाइट पर पीजी कोर्सेज के लिए 10 जुलाई तक रजिस्ट्रेशन फीस के साथ ऑनलाइन एडमिशन फॉर्म भरे जा सकेंगे। 17 जुलाई को यूनिवर्सिटी की वेबसाइट व नोटिस बोर्ड पर फाइनल परिणाम घोषित होगा। 24 जुलाई को पहली काउंसिलिंग होगी, इसके साथ ही छात्र एडमिशन फीस जमा करा सकेंगे। 3 अगस्त को नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत होगी।

### यूजी कोर्सेज में दाखिले के लिए महत्वपूर्ण तारीखें

यूजी कोर्सेज के लिए 8 जुलाई तक रजिस्ट्रेशन फीस के साथ ऑनलाइन एडमिशन फॉर्म भरे जा सकेंगे। जिन छात्रों ने 26 जून तक रजिस्ट्रेशन फॉर्म भरे हैं, उन्हें 3 जुलाई से यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर एडमिट कार्ड उपलब्ध होंगे। 26 जून से 8 जुलाई के बीच फॉर्म भरने वालों को 10 जुलाई को एडमिट कार्ड जारी कर दिए जाएंगे। 16 से 18 जुलाई तक प्रवेश परीक्षा व स्किल टेस्ट चलेंगे। 23 जुलाई को वेबसाइट व यूनिवर्सिटी के नोटिस बोर्ड पर फाइनल परिणाम घोषित होगा। 27 जुलाई को विजुअल आर्ट्स फैकेल्टी के तहत चलने वाले कोर्सेज की पहली काउंसिलिंग होगी, इसके साथ ही छात्र एडमिशन फीस जमा करा सकेंगे। 28 जुलाई को डिजाइन फैकेल्टी के तहत चलने वाले कार्सेज की पहली काउंसिलिंग की जाएगी व चयनित छात्र फीस जमा करा सकेंगे। फिल्म एंड टेलीविजन फैकेल्टी के तहत चलने वाले कोर्सेज की पहली काउंसिलिंग 27 से 29 जुलाई तक चलेगी और छात्र अपनी फीस जमा करा सकेंगे। 3 अगस्त को नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत होगी।

उत्तर भारत में सबसे ज्यादा सिलेक्शन देने वाली एकमात्र संस्था

SANGWANS DEFENCE ACADEMY ROHTAK
A COMPLETE SOLUTION OF DEFENCE COURSES

सॉंगवान डिफेंस अकेडमी

FREE MEDICAL CAMP

Airforce, Navy, NDA, Army, Haryana Police, Delhi Police व Govt. Job की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए रविवार 28 जनवरी को अकादमी में Free Health Camp का आयोजन करवाया जा रहा है। डायरेक्टर दिनेश सांगवान ने बताया कि इस कैम्प में ऑर्थो, डेंटल, सर्जरी, आंखों का चैकअप Experienced Doctors की निगरानी में किया जाएगा। अतः इन छात्रों से अपील है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर इस कैम्प का लाभ उठाएं।

OUR BATCHES

HARYANA POLICE
HSSC / SSC
DELHI POLICE
NDA / NAVY / ARMY
RAILWAY POLICE
SSC GD / AIRFORCE

पिछले 21 वर्षों में 15,000 से अधिक बच्चों का सिलेक्शन गर्वनमेंट जॉब में हो चुका है।

2 Day Free Demo Class
All Competitive Exam, Revision, Regular Test Doubt Session, Special Classes

FREE PHYSICAL COACHING

COACHING, PHYSICAL, HOSTEL




WHY CHOOSE SANGWAN DEFENCE ACADEMY
- बच्चों की फोन की आदत छुड़वाई जाती है
- बच्चों सुबह 8 बजे से देर रात तक बच्चों को पढ़ाया जाता है।
- बच्चों की रिपोर्ट पैरेंट्स तक पहुंचाई जाती है।
- लाइब्रेरी एवं स्टडी मटेरियल

Selection नहीं Fee नहीं

ADMISSION OPEN

FACILITIES :
- NDA, CDS, Air Force, Navy, Army GD Agniveer की तैयारी
- अनुभवी फैकल्टी द्वारा मार्गदर्शन
- नियमित टेस्ट सीरीज
- फिजिकल ट्रेनिंग (Running, Ground Practice)
- SSB Interview Guidance
- एयर-कंडीशन्ड क्लासरूम
- डिजिटल/स्मार्ट क्लास
- करियर काउंसलिंग
- अनुशासित एवं सकारात्मक अध्ययन वातावरण



DINESH SANGWAN
(Submariner Indian Navy (Retd.))
DIRECTOR
9346711471

Address : Near Vita Plant, Gohana Road, Rohtak (Haryana)
Ph. : 8199997460, 61, 9729968722, 11

# कुश्ती चैंपियनशिप में प्रदेश के पहलवानों ने दिखाया दमखम

## जींद के लाजवाना में हुई राज्य स्तरीय प्रतियोगिता, रोहतक के यन्नत ने संयुक्त रूप से कांस्य पदक जीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा के जींद जिले के लाजवाना में आयोजित हरियाणा राज्य कुश्ती चैंपियनशिप में पूरे प्रदेश से आए पहलवानों ने अपना शानदार दमखम और कौशल दिखाया। 26 जून को आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के दौरान विभिन्न भार वर्गों में रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। चैंपियनशिप के दौरान हरियाणा कुश्ती संघ के अध्यक्ष रमेश ने सभी विजेता और प्रतिभागी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा हरियाणा की मिट्टी में कुश्ती रची-बसी है। लाजवाना, जींद में आयोजित इस राज्य चैंपियनशिप में पहलवानों का जोश और तकनीक देखकर यह साफ है कि हमारे युवा आने वाले समय में देश का नाम विश्व पटल पर रोशन करेंगे। हरियाणा कुश्ती संघ हर एक प्रतिभाशाली पहलवान को अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं और निष्पक्ष मंच प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारा लक्ष्य हर अखाड़े और हर गांव से ऐसी प्रतिभाओं को निकालना है जो ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप में भारत का तिरंगा फहराएं।



### ये रहे विजेता

**57 किलोग्राम भार वर्ग :** फरीदाबाद के रूपेश ने अपने बेहतरीन दांव-पेंच के बदौलत स्वर्ण , हांसी के साहिल ने रजत ,हिसार के मोहित और रोहतक के यन्नत ने संयुक्त रूप से कांस्य पदक अपने नाम किया।

**61 किलोग्राम भार वर्ग :** इस वर्ग में पानीपत के सागर ने स्वर्ण पदक अर्जित किया। जींद के सिद्धार्थ ने रजत पदक हासिल किया। जबकि सोनीपत के सुमित और रेवाड़ी के राहुल ने कांस्य पदक प्राप्त किया।

**65 किलोग्राम भार वर्ग :** इस वर्ग में झज्जर के रोहित कुमार ने स्वर्ण पदक जीता और झज्जर के ही यश ने रजत पदक पर कब्जा जमाया। महेंद्रगढ़ के धर्मवीर और फतेहाबाद के संजय ने कांस्य पदक अपनी झोली में डाला।

**79 किलोग्राम भार वर्ग :** झज्जर के पारस ने स्वर्ण पदक जीता। सोनीपत के रवि ने रजत पदक हासिल किया। कैथल के पंकज और हिसार के यशवीर ने कांस्य पदक हासिल किया।

**97 किलोग्राम भार वर्ग :** इन मुकाबलों में फरीदाबाद के शिवम ने स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। भिवानी के प्रतीक ने रजत पदक प्राप्त किया। जींद के हरदीप और चरखी दादरी के मान कुमार ने कांस्य पदक जीता।

**125 किलोग्राम भार वर्ग :** जींद के शुभम ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। हांसी के रोहित ने रजत पदक जीता। जबकि जींद के अक्षय देसवाल और झज्जर के सचिन ढिल्लों ने कांस्य पदक जीता।

# मिलावटखोरों पर सख्ती

## सावन और रक्षाबंधन से पहले खाद्य विभाग जिले में विशेष सैंपलिंग अभियान शुरू करने को तैयार

**महंगी या सस्ती... अब हर मिठाई की होगी लैब में जांच , सड़क किनारे तैयार कर रहे घेवर का मिलावटी घी से तैयार होने की आशंका**

# सावधान ! घेवर खरीदने से पहले कर लें जांच, वरना हो सकते हैं बीमार

*देशी घी का दावा, लेकिन जांच हर बताएगी असली सच्चाई, नकली घी और मिलावटी सामग्री इस्तेमाल करने वालों पर होगी कार्रवाई, घेवर निर्माताओं के लिए पंजीकरण अनिवार्य, अगले सप्ताह से जिलेभर में लिए जाएंगे मिठाइयों के नमूने, गड़बड़ी करने वाले बख्शे नहीं जाएंगे*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सावन में तीज और रक्षाबंधन से पहले घेवर की मांग बढ़ जाती है। मिलावटखोर बढ़ती हुई मांग को देखते हुए अभी से सक्रिय हो गए हैं। बाहर से आए लोग सड़क किनारे ही अस्थाई फैक्ट्री बनाकर घेवर तैयार करने लगे हैं। इसे गोहाना-सोनीपत का घेवर बताकर देशी घी से निर्मित होने के दावे किए जाते हैं, परंतु सस्ता होने के कारण घी की गुणवत्ता सवालों के घेरे में है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से अभी तक सैंपलिंग शुरू नहीं की गई है, जिससे मिलावटी घेवर व अन्य मिठाइयां लोगों को बीमार कर सकती हैं। ऐसे में सावधानी के साथ घेवर व अन्य मिठाइयों की खरीदी करें। सड़क किनारे बिकने वाले घेवर को खरीदने पहले जांच परख लें, वरना आप बीमार हो सकते हैं। वहीं, त्योहारी सीजन से पहले खाद्य सुरक्षा विभाग भी पूरी तरह अलर्ट हो गया है। लोगों को शुद्ध और सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभाग अगले सप्ताह से जिलेभर में घेवर की विशेष सैंपलिंग अभियान शुरू करेगा। इस दौरान बाजारों, मिठाई की दुकानों और घेवर निर्माण इकाइयों से नमूने लेकर उनकी गुणवत्ता की जांच कराई जाएगी। विभाग ने साफ कर दिया है कि नकली घी, मिलावटी तेल या अन्य घटिया सामग्री का इस्तेमाल करने वालों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों के अनुसार, सावन और रक्षाबंधन के दौरान घेवर की मांग कई गुना बढ़ जाती है।





अलग खबर

### मुनाफे के चक्कर में कर रहे मिलावट

मांग बढ़ने के साथ कुछ लोग अधिक मुनाफा कमाने के लिए नकली घी, घटिया तेल, कृत्रिम रंग और निम्न गुणवत्ता वाली सामग्री का उपयोग कर मिठाइयां तैयार करते हैं, जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा पैदा हो सकता है। इसी को देखते हुए विभाग ने इस बार पहले से ही व्यापक निगरानी की योजना तैयार की है। घेवर के साथ-साथ उसमें उपयोग किए जा रहे घी, तेल, मावा और अन्य खाद्य सामग्री की भी जांच करेंगे। संदिग्ध पाए जाने पर नमूने प्रयोगशाला भेजे जाएंगे और रिपोर्ट में मिलावट की पुष्टि होने पर संबंधित संचालकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### सभी सड़कों लगी दुकानें

दिल्ली रोड सहित शहर के प्रमुख बाजारों और सड़क किनारे लगी दुकानों पर विभिन्न प्रकार के घेवर उपलब्ध हैं। यहां सादा घेवर 300 रुपये प्रति किलो, मावा घेवर 400 रुपये प्रति किलो और मलाई घेवर 500 रुपये प्रति किलो तक बेचा जा रहा है।

### ऐसे करें पहचान

बाजार में असली और मिलावटी घेवर की पहचान करने के लिए नागरिक कुछ खास बातों का ध्यान रखें। असली घेवर की महक बहुत सौम्य और अच्छी होती है, जबकि मिलावटी घेवर (सस्ते रिफाइंड या डालडा से बने) में से अजीब-सी महक या केमिकल की गंध आती है।

### चाशनी की जांच करें

अगर चाशनी बहुत सफेद और फीकी दिख रही है, तो उसमें घटिया चीनी या सैकरिन यानि कृत्रिम मिठास का इस्तेमाल हो सकता है।

### घेवर के रंग पर ध्यान दें

गहरे पीले या चटख नारंगी रंग के घेवर से बचें, क्योंकि हलवाई अक्सर आकर्षक दिखने के लिए हानिकारक सिंथेटिक रंगों का प्रयोग करते हैं। त्योहारों के मौसम में स्वास्थ्य को सुरक्षित रखने के लिए हमेशा एफएसएसएआई से प्रमाणित और भरोसेमंद दुकानों से ही घेवर खरीदें।



### घेवर तैयार करने वालों के रजिस्ट्रेशन जरूरी

विभाग ने इस बार घेवर तैयार करने वाले सभी निर्माताओं के लिए पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) अनिवार्य कर दिया है। बिना पंजीकरण के खाद्य सामग्री तैयार करने या बेचने वालों पर भी कार्रवाई की जाएगी। इसी उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा विभाग जागरूकता अभियान भी चला रहा है। अधिकारियों की टीम विभिन्न क्षेत्रों में जाकर मिठाई विक्रेताओं और निर्माताओं को खाद्य सुरक्षा मानकों, स्वच्छता नियमों और पंजीकरण प्रक्रिया की जानकारी दे रही है। जिन कारोबारियों ने अभी तक अपना पंजीकरण नहीं कराया है, उन्हें जल्द से जल्द प्रक्रिया पूरी करने की सलाह दी जा रही है।

### विश्वसनीय प्रतिष्ठानों से मिठाइयां खरीदें

विभाग ने उपभोक्ताओं से भी अपील की है कि वे केवल पंजीकृत और विश्वसनीय प्रतिष्ठानों से ही घेवर एवं अन्य मिठाइयां खरीदें। यदि किसी दुकान पर मिलावटी मिठाई, गंदगी या संदिग्ध खाद्य सामग्री का उपयोग होता दिखाई दे तो इसकी सूचना तुरंत खाद्य सुरक्षा विभाग को दें।

### स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करना जरूरी

विभाग का उद्देश्य व्यापारियों को परेशान करना नहीं, बल्कि आमजन के स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। खाद्य पदार्थों में किसी भी प्रकार की मिलावट बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि कोई व्यक्त मिलावटी या संदिग्ध गुणवत्ता का घेवर बेचता हुआ पाया गया तो उसके खिलाफ नियमानुसार जुर्माना, लाइसेंस संबंधी कार्रवाई और अन्य कानूनी प्रावधान लागू किए जाएंगे। -डॉ. योगेश कादयान, खाद्य सुरक्षा अधिकारी

# एचटेट के लिए जिले में 27 परीक्षा केंद्र बनाए

## 4 व 5 जुलाई को होगा एग्जाम



रोहतक। लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक लेते उपायुक्त सचिन गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

- परीक्षा शुरू होने से दो घंटे 10 मिनट पहले केंद्र में प्रवेश मिलेगा
- जैमर सीसीटीवी, वीडियोग्राफी और सुरक्षा के पर्याप्त प्रबंध का प्रशासनिक दावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

4 व 5 जुलाई को आयोजित होने वाली हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा (एचटेट) के निष्पक्ष, पारदर्शी और नकल रहित आयोजन के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में उपायुक्त सचिन गुप्ता ने संबंधित अधिकारियों को बोर्ड की सभी हिदायतों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने और परीक्षा केंद्रों पर सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने बताया कि 4 जुलाई, शनिवार को दोपहर बाद 3 बजे से शाम 5:30 बजे तक लेवल-3 (पीजीटी) की परीक्षा होगी। वहीं 5 जुलाई, रविवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक लेवल-2 (टीजीटी) तथा दोपहर बाद 3 बजे से शाम 5:30 बजे तक लेवल-1 (पीआरटी) की परीक्षा आयोजित होगी। जिले में परीक्षा के लिए 27 केंद्र बनाए गए हैं। इनमें 4 जुलाई को 18 तथा 5 जुलाई को सभी 27 केंद्रों पर परीक्षा होगी। डीसी ने कहा कि अभ्यर्थियों को परीक्षा शुरू होने से दो घंटे 10 मिनट पहले केंद्र में प्रवेश मिलेगा, जबकि परीक्षा शुरू होने से एक घंटा पहले तक ही प्रवेश की अनुमति रहेगी। इसके बाद किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षा केंद्रों में मोबाइल फोन, घड़ी, स्मार्ट वॉच, पेजर और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण प्रतिबंधित रहेंगे। सभी अभ्यर्थियों की जांच मेटल डिटेक्टर से की जाएगी तथा बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज होगी। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि किसी भी परीक्षा केंद्र पर ऐसे कर्मचारी की ड्यूटी न लगाई जाए, जिसका कोई रिश्तेदार परीक्षा में अभ्यर्थी हो। सभी केंद्रों पर जैमर, सीसीटीवी कैमरे, वीडियोग्राफी और सुरक्षा के पर्याप्त प्रबंध किए जाएं। साथ ही पेयजल, चिकित्सा सुविधा, एंबुलेंस, ओआरएस तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की जाएं।

## किलोई में घर पर फायरिंग मामले में चौथा आरोपी काबू, पहले तीन आरोपियों को भेज चुकी है पुलिस जेल

**रोहतक।** किलोई गांव में महिला के घर पर फायरिंग कर उसके बेटे को जान से मारने की धमकी देने के मामले में फरार चल रहे चौथे आरोपी को रोहतक पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से नियमानुसार कार्रवाई की गई। पुलिस का कहना है कि मामले की गहनता से जांच जारी है। पुलिस प्रवक्ता मनीष ने बताया कि 12 मई को किलोई निवासी सुमित्रा की शिकायत पर संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। शिकायत के अनुसार, 12 मई की रात करीब 10 बजे सुमित्रा अपने परिवार के साथ घर पर मौजूद थी। इसी दौरान घर के बाहर किसी ने उसके बेटे बाबर के नाम से आवाज लगाई। सुमित्रा जब घर से बाहर निकली तो उसने देखा कि बाहर एक कार खड़ी थी, जिसमें तीन-चार युवक सवार थे। आरोप है कि युवकों ने अचानक घर पर फायरिंग शुरू कर दी। वारदात के दौरान आरोपियों ने सुमित्रा के बेटे बाबर को जान से मारने की धमकी भी दी और इसके बाद मौके से फरार हो गए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

## रोहतक में चला विशेष सफाई अभियान गंदगी फैलाने वालों के 17 चालान काटे

**रोहतक।** शहर की स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए नगर निगम ने विशेष सफाई अभियान तेज कर दिया है। नगर निगम आयुक्त नरेन्द्र कुमार के निर्देश पर शुक्रवार को वार्ड नंबर-4 और वार्ड नंबर-11 में जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय लोगों की सहभागिता से व्यापक सफाई अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान मुख्य सड़कें, गलियां, सार्वजनिक स्थल, जीटी रोड, नाले और नालियों की विशेष रूप से सफाई कराई गई, ताकि बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या न हो। नगर निगम आयुक्त नरेन्द्र कुमार ने बताया कि शहर में प्रतिदिन विशेष सफाई अभियान चलाने के निर्देश सफाई शाखा के अधिकारियों और कर्मचारियों को दिए गए हैं। अभियान मुख्य सफाई निरीक्षकों की निगरानी में संचालित किया जा रहा है, जिससे सफाई कार्यों की लगातार मॉनिटरिंग सुनिश्चित हो सके। सफाई व्यवस्था को मजबूत करने के लिए अतिरिक्त कर्मचारियों और संसाधनों की भी तैनाती की गई है। अभियान के दौरान नागरिकों को डस्टबिन का उपयोग करने, प्रतिबंधित प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करने तथा सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा न फेंकने के प्रति जागरूक किया गया। अधिकारियों ने लोगों से गीला और सूखा कचरा अलग-अलग रखने तथा नगर निगम की स्वच्छता व्यवस्था में सहयोग करने की अपील की। नगर निगम की टीम ने शहर के प्रमुख मार्गों और बाजारों का संयुक्त निरीक्षण भी किया। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा फेंककर गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 17 चालान किए गए और 6,100 रुपये का जुर्माना लगाया गया।



# न्यू बस स्टैंड के अंदर इलेक्ट्रिक बस स्टैंड का निर्माण 40 प्रतिशत पूरा

*14 करोड़ रुपये की परियोजना अगले पांच माह में होगी पूरी 10 चार्जिंग स्टेशन और 50 इलेक्ट्रिक बसों की होगी व्यवस्था*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर में सार्वजनिक परिवहन को आधुनिक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए रोडवेज बस स्टैंड परिसर में बन रहे इलेक्ट्रिक सिटी बस स्टैंड का निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। करीब 14 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हो रहे इस अत्याधुनिक बस स्टैंड का करीब 40 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, जबकि शेष कार्य अगले पांच माह में पूरा होने का लक्ष्य रखा गया है।यह परियोजना करीब 3.5 एकड़ क्षेत्र में विकसित की जा रही है। निर्माण पूरा होने के बाद यहां एक साथ कई इलेक्ट्रिक बसों के संचालन, पार्किंग और चार्जिंग की आधुनिक सुविधा उपलब्ध होगी। इसके लिए परिसर में 10 हाई-टेक चार्जिंग मशीनें स्थापित की जाएंगी, जिससे इलेक्ट्रिक बसों का संचालन अधिक सुचारु और सुविधाजनक हो सकेगा। वर्तमान में शहर में पांच इलेक्ट्रिक सिटी बसों का संचालन किया जा रहा है, जबकि आने वाले समय में 50 नई इलेक्ट्रिक बसें रोहतक डिपो को मिलने की प्रस्तावित हैं।



### पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा

इलेक्ट्रिक बस स्टैंड तैयार होने के बाद शहर की सिटी बस सेवा को नया विस्तार मिलेगा। इससे यात्रियों को अधिक बसें, बेहतर सुविधाएं और समयबद्ध परिवहन उपलब्ध होगा। साथ ही डीजल बसों पर निर्भरता कम होने से प्रदूषण में भी कमी आएगी और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। -हंसराज, संस्थान प्रबंधक, रोडवेज डिपो

### यात्रियों की सुरक्षा के लिए ग्रीन नेट से निर्माण कार्य की घेराबंदी

निर्माण कार्य कर रही एजेंसी ने सुरक्षा की दृष्टि से पूरे क्षेत्र की ग्रीन नेट से घेराबंदी कर दी है। शॉर्टकट के रूप में इस रास्ते का उपयोग करने वाले लोगों का आवागमन फिलहाल बंद कर दिया गया है, ताकि निर्माण कार्य बिना किसी बाधा के निर्धारित समय में पूरा किया जा सके। परियोजना के तहत बसों के ठहराव के लिए अलग पार्किंग क्षेत्र, प्रशासनिक कार्यालय, यात्री सुविधाएं और अन्य आवश्यक आधारभूत ढांचे भी विकसित किए जा रहे हैं। वहीं, चार्जिंग स्टेशन के लिए चिन्हित स्थान पर बनी पुलिस चौकी को अन्य उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित किया जाएगा, ताकि निर्माण कार्य प्रभावित न हो।

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

**जागरूक** जिला स्तर पर व्यवस्था नोडल अधिकारी नियुक्त

# कार्यस्थलों पर यौन उत्पीड़न की शिकायतों के लिए प्रशासन ने खाका तैयार किया

- छोटे संस्थानों की शिकायतें भी स्थानीय समिति करेगी सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

कार्यस्थलों पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न से जुड़े मामलों के निस्तारण के लिए जिले में शिकायत तंत्र को सक्रिय किया गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग ने संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी करमिन्दर कौर को जिला नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। इसके साथ ही जिले में सरकारी, निजी और शिक्षण संस्थानों में अधिनियम के प्रति जागरूकता अभियान चलाने की तैयारी भी शुरू कर दी गई है। कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम, 2013 के तहत प्रत्येक सरकारी और निजी संस्थान में आंतरिक शिकायत समिति का गठन अनिवार्य है। जिन संस्थानों में 10 से कम कर्मचारी हैं, वहां महिला कर्मचारियों की शिकायतों की सुनवाई जिला स्तर पर गठित स्थानीय समिति करेगी। विभाग का उद्देश्य ऐसे संस्थानों में कार्यरत महिलाओं को भी शिकायत दर्ज कराने की प्रभावी व्यवस्था उपलब्ध कराना है।जिले में प्रस्तावित जागरूकता अभियान के तहत जिला, खंड और गांव स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें सरकारी विभागों, निजी संस्थानों और शिक्षण संस्थानों के कर्मचारियों को अधिनियम के प्रावधानों, शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया और महिलाओं के अधिकारों की जानकारी दी जाएगी।

### व्यापक जागरूकता अभियान चलेगा



जिला नोडल अधिकारी करमिंद्र कौर ने कहा कि सभी सरकारी और निजी संस्थान अधिनियम के अनुसार आंतरिक शिकायत समिति का गठन करें और कर्मचारियों को इसकी जानकारी दें। उनका कहना है कि कार्यस्थल पर सुरक्षित और सम्मानजनक माहौल उपलब्ध कराना प्रत्येक संस्थान की कानूनी जिम्मेदारी है तथा विभाग इस संबंध में व्यापक जागरूकता अभियान चलाएगा।

## कन्हेली डेयरी कॉम्प्लेक्स के विकास कार्यों का निगम आयुक्त ने किया निरीक्षण

**रोहतक।** नगर निगम आयुक्त नरेन्द्र कुमार ने शुक्रवार को कन्हेली डेयरी कॉम्प्लेक्स में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि डेयरी संचालकों को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कॉम्प्लेक्स में विभिन्न विकास कार्य किए जा रहे हैं, जिन्हें तय समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाना चाहिए।निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने जलापूर्ति, अपशिष्ट जल निकासी व्यवस्था, पशुओं के लिए उचित स्थान, आंतरिक गलियों, चारा मंडी, स्ट्रीट लाइट सहित अन्य सुविधाओं से जुड़े कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी कार्य तकनीकी मानकों और गुणवत्ता के अनुरूप ही किए जाएं। किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को नियमित निरीक्षण कर कार्यों की निगरानी रखने तथा मानकों का उल्लंघन मिलने पर संबंधित एजेंसी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। निगम की ओर से कन्हेली डेयरी कॉम्प्लेक्स में डेयरी संचालकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए व्यापक स्तर पर विकास कार्य कराए जा रहे हैं। इसके साथ ही शहर में संचालित डेयरियों का सर्वे भी कराया जा रहा है। सर्वे के माध्यम से यह रिकॉर्ड तैयार किया जा रहा है कि किन-किन डेयरी संचालकों को कन्हेली डेयरी कॉम्प्लेक्स में प्लॉट आवंटित किए जा चुके हैं।

